आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 01.08.2025 समय : 01:00 पी.एम.

राज्य के पूर्वी हिस्सों में विभिन्न स्थानों पर पिछले 24 घंटों में हल्की से मध्यम बरसात दर्ज की गयी तथा एक दो स्थानों पर बहुत भारी बरसात हुई। वहीं पश्चिमी राजस्थान में कुछ स्थानों पर भारी तो कहीं कहीं बहुत भारी बरसात रिकॉर्ड हुई। मौसम विभाग के अनुसार सबसे अधिक 19 सेंटीमीटर पानी चूरू के तारानगर और रेनी में बरसा। हनुमानगढ़ के नोहर में 14, श्रीगंगानगर के अनूपगढ में 13, धौलपुर के सरमथुरा, सीकर के रामगढ शेखावतान में 12–12 सेंटीमीटर बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश में इस वर्ष जुलाई महीने में औसतन 285 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। इससे पहले साल 1956 में जुलाई माह में 308 मिमी वर्षा हुई थी। आज भी विभिन्न स्थानों पर बरसात हो रही है। पाली के देसूरी में अच्छी बारिश के बाद आज गजनई और हरिओम सागर बांध ओवर फ्लो हो गए है। श्रीगंगानगर में देर रात से शुरू हुआ बरसात का सिलसिला जारी है। बरसात से साहरणावाली गांव में एक मकान की छत गिरने से दो बच्चों सहित 6 लोग घायल हो गए। कोटपूतली बहरोड में रात से कई जगह हल्की बरसात हो रही है। राजधानी जयपुर में भी बादल छाये हुए है और रिमझिम बरसात हो रही है। इस बीच सवाईमाधोपुर में बारिश का दौर थमने से टोंक–शिवपुरी हाईवे पर स्थित बोदल पुलिया पर दोपहिया वाहनों का आवागमन शुरू हो गया है। विभाग ने आज छह जिलों के लिए मध्यम से तेज बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनज़र राज्य के विभिन्न जिलों में स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।

0000

प्रदेश के किसान आज से राज किसान गिरदावरी मोबाइल एप के माध्यम से खुद अपनी फसल की ऑनलाइन गिरदावरी कर सकेंगे। पटवारी और किसान के स्तर से गिरदावरी करने वाली इस एप की कल लाइव टेस्टिंग की गई। राजस्व मंडल निबंधक महावीर प्रसाद की उपस्थिति में कल अजमेर तहसील के कायमपुरा गांव में एक खेत पर ये परीक्षण किया गया। श्री प्रसाद ने इस अवसर पर किसानों को इस एप के बारे में बताया। उन्होंने किसानों से इस एप का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करने को कहा। उन्होंने बताया कि एप के जरिये किसानों को गिरदावरी से संबंधित पूरी जानकारी पारदर्शिता के साथ उपलब्ध होगी। साथ ही उन्हें ऐप से जमाबंदी की प्रति डाउनलोड करने की भी सुविधा मिल सकेगी। इसके लिए किसान राजस्व मंडल की वेबसाइट, अपना खाता पोर्टल और एसएसओ आईडी पोर्टल से ये एप डाउनलोड की जा सकती है।

0000

विश्व स्तनपान सप्ताह आज से शुरू हुआ। दुनियाभर में स्तनपान के प्रति जागरूकता बढाने के लिए अगस्त के पहले सप्ताह को स्तनपान सप्ताह के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष की थीम **स्तनपान में निवेश–भविष्य में निवेश** रखी गई है। प्रदेशभर के चिकित्सा संस्थानों में स्तनपान को बढावा देने के लिए जागरूकता गतिविधियां आयोजित की जा रही है। संगोष्ठी और कार्यशालाएं आयोजित कर माताओं को स्तनपान के फायदों के बारे में बताया जा रहा है।

0000

प्रदेश में चल रहे ई–अंगदान शपथ अभियान के तहत राज्य में 72 हजार से अधिक लोग ऑनलाइन अंगदान शपथ ले चुके है। हनुमानगढ़ ने आठ हजार से अधिक शपथकर्ताओं के साथ राज्य में पहला स्थान हासिल किया। केन्द्र सरकार के जीवन संजीवनी अभियान के तहत ये ई–अंगदान शपथ अभियान चलाया गया है। गौरतलब है कि जीवन संजीवनी अभियान लोगों को अंगदान के महत्व के बारे में जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है। जागरूकता गतिविधियों के माध्यम से लोगों को अंगदान के प्रति प्रेरित भी किया जा रहा है। 15वां अंगदान दिवस 3 अगस्त को मनाया जायेगा।

0000

राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ की ओर से जयपुर में डिपार्टमेंटल स्टोर शुरू किया जाएगा। इस संबंध में दोनों सहकारी संस्थाओं के बीच कल एमओयू किया गया। सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव मंजू राजपाल की मौजूदगी में ये एमओयू हुआ। स्टोर पर 'जनाः' और 'उपहार' ब्राण्ड के उत्पाद उपलब्ध करवाये जाएंगे। इनमें ऑर्गेनिक उत्पाद, मसाले और मिलेट, स्टोर पर उचित दर पर मिल सकेंगे।

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी नागरिकों से आगामी स्वतंत्रता दिवस संबोधन के लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने का आह्वान किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने नागरिकों से माईगॉव और नमो ऐप पर अपने विचार साझा करने का आग्रह किया।

0000